# 2.मिर्च-मसाला

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1.एक दिन भोलू क्या कर रहा था?
एक दिन शाम को भोलू आँगन में बैठकर दूध पी रहा था।

2.दूध कहाँ फैल गया?
दूध ज़मीन पर फैल गया।

3.दूध में उसको क्या दिखाई दिये ?
दूध में उसको दो पंख दिखाई दिये ।

4.हीरा किसे न पचा पायी ?
भोलू ने दूध में पंख की बात बता दी, हीरा इस बात को पचा न पायी।

5.चंपा ने किसको देखते ही सारी बातें उगल दी?
चंपा ने अपनी सहेली चमेली को देखते ही उसने सारी बात उगल दी।

6.चमेली ने चंपा से क्या कहा ?
चमेली ने चंपा से पूरा कबूतर । कबूतर तो इतना बड़ा पक्षी है। खाया कैसे होगा? कहा ।

7.दूर-दूर से लोग क्यों आने लगे?
यह चमत्कार देखने के लिए दूर-दूर से लोग आने लगे।

8.बेचारा भोलू ने भयभीत होकर क्या किया?
बेचारा भोलू ने भयभीत होकर किसी एक पेड़ पर छिप गया था।

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए ।**

1.भोलू क्यों घबरा गया?
एक दिन शाम को भोलू आँगन में बैठकर दूध पी रहा था। उसे खाँसी आयी, दूध का लोटा लुढ़क गया तथा थोड़ा-सा दूध मुँह से निकलकर ज़मीन पर फैल गया। फैले दूध में उसको दो पंख दिखाई दिये। बह घबरा गया।

2.हीरा ने चंपा से क्या कहा?
हीरा ने चंपा से कहा – एक राज़ की बात है। जानती हो आज क्या हुआ हो आज क्या हुआ। उनके मुँह से कबूतर के पंख निकले, बहुत सारे मुझे चिंता हो रही है। पर किसीसे मत कहना

3.चमेली से चंपा ने भोलू के बारे में क्या कहा ?
चमेली से चंपा ने बोली – देखो तो। भोलूजी को आज खाँसी आयी और उनके मुँह से एक पूरा कबूतर निकला, कहा।

4.शाम तक गाँव में कौन-सी खबर फैल गयी?
भोलू के मुँह में झुंड के झुंड कबूतर, कौए, गोरैये, मुर्गे आदि निकल रहे हैं। यह बात शाम तक गाँव में खबर फैल गयी।

**III. विलोम शब्द लिखिए ।**
उदा : ज़मीन x आसमान

1. जाना x आना
2. बहुत x कम
3. विश्वास x अविश्वास
4. बड़ा x छोटा
5. गाँव x शहर
6. विदेश x देश

**IV. अन्य वचन रूप लिखिए :**
उदा : दिन – दिन

1. पंख – पंख
2. घर – घर
3. पेट – पेट
4. लोग – लोग
5. कबूतर- कबूतर
6. पक्षी – पक्षियाँ
7. पेड़ – पेड़
8. गाँव – गाँव

उदा : कौआ-कौए
कौवा, कौवे

1. गोरैया – गौरैये
2. मुर्गा – मुर्गे
3. बेचारा – बेचाराएँ
4. वादा – वादें

सूचना : कुछ शब्द सदैव एकवचन में प्रयुक्त होते हैं।
जैसे : पानी, वायु, अग्नि, भूमि, आकाश आदि।

**V. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :**

1. भोलू ने अपनी पत्नी हीरा से कहा।
2. भोलू ने दूध में पंख की बात बता दी।
3. हीरा का पेट फूलने लगा।
4. लोग बात का बतंगड़ बना देंगे।-
5. चंपा ने अपनी सहेली चमेली से सारी बात उगल दी।
6. गाँव में खबर फैल गयी कि पक्षियों से आकाश भर गया।

**VI. इन पक्षियों के नाम कन्नड अथवा अंग्रेज़ी में लिखिए।**

| | नाम | कन्नड | अंग्रेजी |
|---|---|---|---|
| उदा: | कबूतर | ಪಾರಿವಾಳ | pigeon |
| | तोता | ಗಿಳಿ | parrot |
| | मैना | ಮೈನಾ | myna |
| | कौआ | ಕಾಗೆ | crow |
| | बाज | ಗಿಡುಗ | hawk |
| | गिद्ध | ರಣಹದ್ದು | vulture |
| | गोरैया | ಗುಬ್ಬಚ್ಚಿ | sparrow |
| | बगुला | ನೀರಹಕ್ಕಿ | wading bird |
| | मुर्गा | ಹುಂಜ | hen |
| | चमगादड | ಬಾವಲಿ | flitter, mouse |

**VII. इन वाक्यों में छिपे पक्षियों का नाम हूँढकर लिखिए :**

उदा : अब तो ताजा फल खा लो।।
अब तो ताजा फल खा लो। = तोता

1. तुमको यलहंका जाना होगा । = कोयल
2. जब गुलाब देखती हैं, तब खुशी होती है। = बगुला
3. तुम मृगालय में घूमो रमेश। =मोर

**VIII. निवास स्थानों को जानिए :**

1. आदमी – ‘घर, मकान
2. पक्षी-घोंसला
3. बकरी – बाड़
4. घोड़ा – अस्तबल, घुड़साल
5. चूहा-बिल
6. साँप-बांबी
7. सिंह-गुफा

IX. सार्थक वाक्य बनाइए :

1.कहूँगी कसम नहीं से किसीसे ।
कसम से किसीसे नहीं कहूँगी ।

2.गया न से रहा चंपा
चंपा से रहा न गया ।

3.आज आयी खाँसी को भोलूजी
भोलूजी को आज खाँसी आयी ।

4.आने लोग चमत्कार यह देखने लगे।
यह चमत्कार देखने लोग आने लगे ।

**X. इनके चलने का तरीका बताइए :**
(फुदक, भाग, रेंग, तैर, उड़)
उदा : आदमी ज़मीन पर चलते हैं

1. मछली पानी में तैरते है ।

2. साँप ज़मीन पर रेंगते हैं ।
3. जानवर चार पैरों से भागते हैं।
4. पक्षी पंखों के सहारे उड़ते हैं ।
5. मेंढक फुदकते हुए आगे बढ़ते हैं ।

**XI. देखें आप कोयल के बारे में कितना जानते हैं :**

कोयल एक पक्षी है। उसका रंग काला होता है । वह कौए जैसे ही दिखायी देती है । वह मीठे स्वर से गाती  है। वह केवल वसंत ऋतु में गाती है। वह अपने अंडा कौए के घोंसलों में देती है। केवल ध्वनि से हम कोयल तथा कौए में अंतर कर सकते हैं।

**भाषा ज्ञान**


1. संज्ञा

इन वाक्यों को पढ़िए और रेखांकित शब्दों की ओर ध्यान दीजिए।

1. एक दिन भोलू आँगन में बैठा था।
2. उसकी पत्नी का नाम हीरा था।
3. हीरा को चिंता हो रही थी।
4. दूध का लोटा लुढ़क गया।
5. गाँव में खबर फैल गयी।
6. भोलू की घबराहट देखकर लोगों को समझ आया।

उपर्युक्त वाक्यों में रेखांकित शब्द किसी व्यक्ति, भाव का परिचय दे रहे हैं।

किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान तथा भाव के नाम को 'संज्ञा' कहते हैं।




उदा :

| व्यक्तिवाचक संज्ञा | जातिवाचक संज्ञा | भाववाचक संज्ञा | समूहवाचक संज्ञा | द्रव्यवाचक संज्ञा |
|---|---|---|---|---|
| भोलू, हीरा, | पत्नी, पक्षी, | चिंता, घबराहट, | सेना, दल, | सोना, चाँदी, |
| कबूतर, भारत, | गाँव, देश, | अच्छाई, बुराई, | झुंड, गण, | लोहा, तांबा, |
| यमुना, हिमालय आदि | नदी आदि | मिठास आदि | गुच्छ आदि | आदि |

कुछ अन्य उदाहरण :

1. दीपक, प्रिया, नित्या सब बचपन के दोस्त हैं।
2. ये एक ही विद्यालय के छात्र हैं।
3. इन सबमें गहरी मित्रता है।
4. इन्हें पुस्तकों से प्रेम है।।
5. देश की सेना हमेशा तैयार रहती है।
6. तांबे के लोटे का पानी सेहतमंद होता है।

| व्यक्तिवाचक संज्ञा | जातिवाचक संज्ञा | भाववाचक संज्ञा | समूहवाचक संज्ञा | द्रव्यवाचक संज्ञा |
|---|---|---|---|---|
| दीपक | विद्यालय | बचपन | सेना | तांबा |
| प्रिया | छात्र | मित्रता | | पानी |
| नित्या | पुस्तक | प्रेम | | |
| | लोटा | दोस्ती | | |

2. मुहावरा

सामान्य अर्थ के बदले में विशेष अर्थ देनेवाले वाक्यांश मुहावरे कहलाते हैं। मुहावरों का अर्थ समझिए :

1. राई का पहाड़ बनाना – छोटी-सी बात को बड़ा बनाना
2. आग बबूला होना – अत्यंत क्रोधित होना
3. बाएँ हाथ का खेल – अधिक आसान
4. बालू से तेल निकालना – असाध्य को साध्य बनाना
5. नौ दो ग्यारह होना इधर-उधर भाग जाना
6. बात का बतंगड़ बनाना – बात को बढ़ा-चढ़ाकर बोलना